प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2021–22
कक्षा 12
समाज शास्त्र

समय 3 घंटा 15 मिनट   पूर्णांक 100

निर्देश– प्रारम्भ के 15 मिनट विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु निर्धारित है।

नोटः– 1) सभी प्रश्न अनिवार्य है। प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित है।

2) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 25 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है जिसका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या 27 से 29 तक दीर्घ उत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में देना है।

बहुविकल्पीय प्रश्न

1–राष्ट्रवाद के जन्म का कारण है– 01

क) उपनिवेशवाद   ख) जातिवाद
ग) सम्प्रदायवाद   घ) आधुनिकता

2– 2011 की जनगणना के आधार पर भारत की साक्षरता दर है– 01

क) 72.40%   ख) 67.7%
ग) 74.04%   घ) 78.8%

3–भारत में आयुवर्ग संरचना को कितने भागों में विभाजित किया गया है– 01

क) चार   ख) तीन
ग) दो   घ) एक

4– निम्न में से कौन सामाजिक संस्था का उदाहरण नहीं है– 01

क) सम–समूह   ख) विवाह
ग) नातेदारी   घ) परिवार

5–अन्यथा सक्षम वर्ग की विषमता एवं बहिष्कार के लिए जिम्मेदार है– 01

क) सममाजिक व्यवस्था व दृष्टिकोण   ख) उनकी किस्मत
ग) उनकी अपनी स्थिति   घ) उनका वर्ग भेद

6–क्षेत्रवाद के प्रबल होने के कारण है– 01

क) भाषायी प्रेम   ख) असंतुलित आर्थिक विकास
ग) सामाजिक अन्याय और पिछड़ापन   घ) उपर्युक्त सभी

7–प्रभु जाति की अवधारण किसने दिया 01

क) एम0 एन0 श्रीनिवास   ख) जीव एस0 धुरिये
ग) राधाकृष्णन   घ) डी0पी0 मुखर्जी

8–भारतीय संविधान का 73वाँ संविधान संशोधन संबंधित है– 01

क) केन्द्रीय शासन व्यवस्था   ख) राज्य शासन व्यवस्था
ग) पंचायती राजव्यवस्था   घ) इनमें से कोई नहीं

Downloaded from cclchapter.com

9– आर्थिक वस्तुओं के उत्पादन एवं सेवाओं में अमानवीय शक्ति के अधिकाधिक प्रयोग से सम्बंधित प्रक्रिया है– 01

क) नगरीकरण
ख) औद्योगीकरण
ग) लौकिकीकरण
घ) संस्कृतिकरण

10– सामाजिक आन्दोलन की विशेषता है– 01

क) ये अकारण होते हैं
ख) ये असंगठित होते हैं
ग) इनमें कोई सुधार संभव नहीं है
घ) ये संगठित होते हैं

अतिलघुउत्तरीय प्रश्न–

प्रश्न 11–उपनिवेशवाद क्या हैं? 03

प्रश्न 12–लिंगानुपात को स्पष्ट करें। 03

प्रश्न 13–जनसंख्या विस्फोट का अर्थ बताएं। 03

प्रश्न 14–जनजातियाँ की अर्जित विशेषताओं के आधार पर वर्गीकरण बताइए। 03

प्रश्न 15–सत्यशोधक समाज की स्थापना किसने और क्यों की? 03

प्रश्न 16–क्षेत्रवाद क्या है? इसको बढ़ावा देने वाले दो कारक बताएं। 03

प्रश्न 17–संस्कृतिकरण को परिभाषित करें। 03

प्रश्न 18–हरितक्रान्ति के दो नकारात्मक प्रभाव बताइए। 03

प्रश्न 19–औद्योगिक समाज की प्रमुख विशेषताएं बताइए। 03

प्रश्न 20–वर्ग आधारित आन्दोलन से आप क्या समझते हैं? 03

लघुउत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 21–भारत की जनजातियों की समस्याओं पर प्रकाश डालिए। 06

प्रश्न 22–जातीय विषमता को दूर करने के लिए अपनायी गयी नीतियों का वर्णन करें। 06

प्रश्न 23–सम्प्रदायवाद का अर्थ तथा प्रमुख कारण बताएं। 06

प्रश्न 24–प्रभुजाति से आप क्या समझते हैं? 06

प्रश्न 25–पंचायतीराज अधिनियम 1992 की विशेषताएं एवं महत्व बताइए। 06

प्रश्न 26–भूमण्डलीयकरण तथा उदारीकरण में किस प्रकार भारतीय उद्योगो को प्रभावित किया है? 06

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 27–परियोजना कार्य का आयोजन (चरण) स्पष्टतः समझाइए। 08

अथवा

सामाजिक शोध की सर्वेक्षण पद्धति की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 28–भूमि सुधार के परिणामों की विवेचना कीजिए। 08

अथवा

Downloaded from cclchapter.com

स्वतंत्रता के बाद भारत के ग्रामीण समाज में परिवर्तन को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 29—महिलाओं के आन्दोलन की समीक्षा कीजिए। 08

अथवा

सामाजिक आन्दोलनों को परिभाषित करते हुए इसके प्रकारों की चर्चा कीजिए।

Downloaded from cclchapter.com